दिनांकः 20.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का कल जयपुर आने का कार्यक्रम है। श्री वैष्णव उत्तर–पश्चिम रेलवे मुख्यालय में विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करेगें। वे जयपुर रेलवे स्टेशन का भी दौरा कर विभिन्न पुनर्विकास कार्यों का जायजा लेगें।

000

जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय का 7वां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत कार्यक्रम में उपस्थित है। श्री शेखावत ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों से अपनी शिक्षा का उपयोग समाज के विकास के लिए करने का आह्वान किया।

000

राज्य सरकार ने गर्मी के मौसम में पीने के पानी की पर्याप्त और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए राज्य स्तर और हर जिले में कन्ट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिये हैं। 41 जिलों में पेयजल आपूर्ति को मजबूत करने के लिए शहरी क्षेत्रों में 55 करोड़ रूपये से अधिक की स्वीकृति जारी की गई है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जलदाय विभाग के सभी फील्ड अधिकारी और कर्मचारियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के निर्देश दिए हैं।

000

राज्य में बीते चौबीस घंटों में अनेक भागों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई। पूर्वी राजस्थान में टोंक, अलवर और सीकर जिले में 2–2 सेंटीमीटर पानी बरसा। वहीं बाड़मेर और बीकानेर के नोखा में भी अच्छी बरसात हुई। इसके अलावा अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौडगढ़, सवाईमाधोपुर और जयपुर में भी हल्की बरसात मापी गई। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कई स्थानों पर हुई बारिश के बाद तापमान में 3 से 8 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है।

000

राज्य सरकार ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निपटारे और असंतुष्ट परिवादियों की समस्याओं के समाधान के लिए नए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। नए निर्देशों के अनुसार, विभागों के सचिवों को पोर्टल पर दर्ज असंतुष्ट शिकायतों में से प्रतिदिन कम से कम 10 शिकायतों का अनिवार्य रूप से सत्यापन करना होगा। इसके अलावा, सचिव हर महीने संपर्क केंद्र का दौरा करेंगे और 200 से 250 शिकायतों की व्यक्तिगत समीक्षा करेंगे। जिला कलेक्टरों को हर महीने की 7 तारीख तक अपने जिले की 500 असंतुष्ट शिकायतों की पहचान करनी होगी।
इसके बाद 7 से 15 तारीख के बीच संबंधित अधिकारी परिवादियों से व्यक्तिगत संपर्क कर तथ्यों का सत्यापन करेंगे और वीडियो साक्ष्य सहित रिपोर्ट तैयार करेंगे। यह रिपोर्ट हर महीने की 20 तारीख तक जन अभियोग निराकरण विभाग को भेजी जाएगी।

000

आज चेटीचंड का पावन पर्व मनाया जा रहा है। इसे झूलेलाल जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर शोभायात्रा भी निकाली जाती है। वहीं चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की अराधना की जा रही है। ईद–उल–फित्र का पर्व कल मनाया जाएगा। इस अवसर पर ईदगाह और मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा की जाएगी। लोकपर्व गणगौर भी कल मनाया जाएगा। राजधानी जयपुर सहित अनेक स्थानों पर गणगौर की सवारी निकाली जाएगी। उससे पहले आज सिंजारा मनाया जा रहा है।

000

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा ने विश्व ओरल स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर लोगों से, मुख की बेहतर स्वच्छता की आदतें अपनाने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री नड्डा ने मुस्कान को स्वस्थ और उत्साही बनाए रखने के लिए उचित ब्रशिंग, मीठे खाद्य पदार्थों का सीमित सेवन और नियमित दंत जांच जैसे सरल उपायों के महत्व पर जोर दिया।

000

आज विश्व गौरेया दिवस है। दुनियाभर में साल 2010 से ये दिन मनाया जाता है। इसका उद्देश्य गौरेया के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शहरीकरण और प्रदूषण के कारण तेजी से कम हो रही गौरेया की आबादी को बचाना है। ये दिन नन्ही चिडिया के आवास को बचाने, दाना–पानी मुहैया कराने और जैव विविधता को बनाये रखने के लिए लोगों को प्रेरित करता है।

000